कारण बिल में ब्याज भी जुड़कर आ रहा है। मैंने फिलहाल चैक मीटर के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर मीटर जांच के लिए आवेदन कर दिया है, जो अभी लगा नहीं है। महोदय मेरे मीटर में दिख रही इन असामान्य रीडिंग की जांच मात्र चैक मीटर से होना संभव नहीं है तथा मेरे मीटर की एमआरआई कराई जानी आवश्यक है, जिसमें किसी तकनीकी खराबी के वास्तविक समय या अन्य कारणों जैसे मीटर रीडिंग द्वारा भरी गई रीडिंग की सही स्थिति का पता चल सके। अतः आपसे मेरा विनम्र निवेदन है कि मेरे मीटर की पूर्ण जांच कराकर मेरे बिल में उचित संशोधन करते हुए शीघ्र न्याय दिलाएं जिससें मै वास्तविक विद्युत खपत का भुगतान उत्तराखंड नियामक आयोग द्वारा निर्धारित उचित टैरिफ स्लैब के अनुसार कर सकू।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 766 दिनांकित 01/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि *"उपभोक्ता द्वारा अधिक बिल आने की शिकायत की गई है। इस सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता (मी0) को एम0आर0आई0 एवं लोड सर्वे हेतु अवगत करा दिया गया है। रिपोर्ट आने के उपरान्त सूचना उपलब्ध करा दी जायेगी।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 796 दिनांकित 08/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि *" उपभोक्ता द्वारा अधिक बिल आने की शिकायत की गई है। उपभोक्ता के आवेदन पर उनके परिसर पर चैक मीटर स्थापित कर दिया गया है। साथ ही अवगत कराना है कि मीटर रीडर द्वारा माह अक्टूबर 2025 को उपभोक्ता को गलत रीडिंग 25049 का बिल प्रेषित किया गया, उपभोक्ता की मीटर की जांच करने पर रीडिंग 24440 पायी गई है, जिसका संशोधन कर दिया गया है, जो कि वर्तमान में 5155.00 उपभोक्ता के खाते में credit कर दिया गया है।"*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र के क्रम में विपक्षी ने अपनी आख्या के माध्य से मंच को अवगत कराया है कि विद्युत संयोजन संख्या SD75521155028 का अक्टूबर 2025 को प्रेषित गलत रीडिंग 25049 के विद्युत बिल को मीटर जॉच करने के उपरान्त पाई गई रीडिंग 24440 के अनुसार संशोधित कर दिया गया है जो कि ऋणत्मक (–5155.00रू0) उपभोक्ता के खाते में जमा कर दिया गया है। उपरोक्त चर्चा उपरान्त मंच इस मत का है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की विद्युत बिल सबंधी शिकायत का निवारण बिल संशोधित कर कर दिया गया। उपरोक्त परिस्थितियों में उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः वाद निरतारित किये जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। *इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत ओम्बड़समैन, 80, बसंन्त विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।*

पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

24-1-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

24/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

24/01/26
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 86 / 2025

श्री भागेन्द्र सिंह चौहान — परिवादी
निवासी– नारायण विहार टी.एच.डी.सी.
लाईन नं0 10, देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 27.01.2026
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके अत्याधिक विद्युत बिल आने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मेरा बिजली का बिल अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसम्बर महीने से अधिक आया है, जिस पर मैंने विद्युत विभाग को अवगत कराया। अतः महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी का बिल ठीक करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।*"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 780 दिनांकित 04 / 12 / 2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *आवेदक द्वारा अपने विद्युत संयोजन सं0 SD25714139542 के सापेक्ष माह 08, 09, 10, 11, एवं 12/2025 में बिल अधिक आने के सम्बन्ध में शिकायत की गई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि उपभोक्ता को उनके परिसर पर लगे मापक की रीडिंग के आधार पर ही निर्गत किया गया है।*"

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0कॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन; कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.con

उपरोक्त के सन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 858 दिनांकित 30/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *आवेदक द्वारा अपने विद्युत संयोजन सं0 SD25714139542 के सापेक्ष माह 08, 09, 10, 11, एवं 12/2025 में बिल अधिक आने के सम्बन्ध में शिकायत की गई है, उपभोक्ता को रीडिंग के आधार पर बिल प्रेषित किये गये थे। उपभोक्ता के मापक की एम0आर0आई0 हेतु सहायक अभियन्ता (मी0) को पत्र प्रेषित किया गया था, पर उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मीटर की एम0आर0आई0 नहीं हो पा रही है।*"

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। मंच द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री का अवलोकन किया गया जिससे स्पष्ट है कि उल्लेखित अवधि में विपक्षी द्वारा परिवादी को मीटर्ड यूनिट के आधार पर ही विद्युत बिल निर्गत किये जा रहे थे जो कि पूर्व माहों की खपत के लगभग समान्तर ही है, जिससे स्पष्ट है कि उल्लेखित अवधि में परिवादी के विद्युत मापक द्वारा वास्तविक विद्युत खपत का आकलन सही प्रकार से किया जा है, जो नियामानुसार सहीं है, तथा इसमें किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकता। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को कोई अनुतोष प्रदान नहीं किया जा सकता है। अतः वाद खारिज किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत ओम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।*** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

21-1-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

27/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्ष
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248(
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

परिवाद सं0 87 / 2025

श्री रामचन्द्र सिंह पवांर — परिवादी
निवासी– 327 टी स्टेट,
बंजारावाला, देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांकः 30.01.2026

श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके स्वीकृत भार से अधिक भार आने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मेरा नाम रामचन्द्र सिंह है, मैं बंजारावाला देहरादून का रहने वाला हूँ। महोदय में आपको अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरा संयोजन संख्या SD09996906132 है, और जिसका अधिकतम भार 04 किलो वाट है। अतः महोदय जब से मेरा मीटर लगाया है तब से मुझ पर 04*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

किलोवाट की जगह 05 किलो वाट का फिक्स डिमान्ड चार्ज पड़ रहा है। अतः महोदय से निवेदन है के इस समस्या को जल्द दूर करने की कृपा करें प्रार्थी आपका अति आभारी रहेगा।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 781 दिनांकित 04/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *उपभोक्ता द्वारा बिल में लोड अधिक आने की शिकायत की गई है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बिल में लोड को संशोधित कर दिया गया है।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 23 दिनांकित 07/01/2026 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *उपभोक्ता द्वारा बिल में लोड अधिक आने की शिकायत की गई है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपभोक्ता के मीटर की चैंकिंग कराई गई है, जिसमें मीटर सही पाया गया है। बिल में लोड आ रही त्रृटि के समाधान हेतु आर.ए.पी.डी.आर.पी. को पत्रांक 05 दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से पत्र प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही समस्या का निराकरण कर दिया जायेगा।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी की शिकायत पत्र के क्रम में विपक्षी द्वारा मंच को अवगत कराया गया है कि उपभोक्ता के मीटर की चैंकिंग कराई गई है, जिसमें मीटर सही पाया गया है। बिल में पुनः अधिक डिमांड आ रही त्रृटि के समाधान हेतु आर.ए.पी.डी.आर.पी. को पत्रांक 05 दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से पत्र प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही समस्या का निराकरण कर दिया जायेगा।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रे
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी परिवादी की शिकायत का आर.ए.पी.डी.आर.पी. के द्वारा समाधान किये जाने तक पूर्व में एवं भविष्य में निर्गत किये जाने वाले सभी त्रटिपूर्ण बिलों को नियामानुसार मैनुअली संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्याययोचित होगा।

आदेश

विपक्षी परिवादी की शिकायत का आर.ए.पी.डी.आर.पी. के द्वारा समाधान किये जाने तक पूर्व में एवं भविष्य में निर्गत किये जाने वाले सभी त्रटिपूर्ण बिलों को नियामानुसार मैनुअली संशोधित करे। **इस निर्णय से संतुष्ट** नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के **30 दिन के भीतर** विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

30-1-2021
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

30/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

30/01/2
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun-248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276739
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 88 / 2025

श्रीमती पूजा देवी — परिवादी
निवासी–ग्रीन व्यू एन्क्लेव,
चांचक बंजारावाला, देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम — दिनांक: 27.01.2026
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद संयोजन सख्या *SD69999274188* की जमानत राशि लौटाये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि मैंने अपने भवन निर्माण के लिए एक किलो वाट का अस्थायी बिजली का कनैक्शन लिया था। भवन निर्माण पूरा होने पर मेरे घर पर लगे टैपरेरी कनैक्शन के मीटर को परमानेंट कर दिया गया। स्थायी कनैक्शन के मुझे बिल भी प्राप्त होने लगे हैं लेकिन मुझे अभी तक विभाग द्वारा टैपरेरी कनैक्शन की जमानत राशि लौटाई नहीं गयी है। जबकि मैं अपने खाते का विवरण एवं जमानत राशि की रसीद विभाग में जमा करा चुका हूँ। 01 जुलाई 2025 को मेरा मीटर परमानेंट हो गया था लेकिन चार महीने बीतने बाद भी जमानत राशि नहीं लौटाना बडा खेद का विषय है। अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि विभाग को मेरी जमानत राशि लौटाने का आदेश देने की कृपा करें।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 795, दिनांकित 06 / 12 / 2025 से मंच को अवगत कराया है *"कि आवेदक द्वारा अस्थाई विद्युत संयोजन संख्या– SD69999274188 हेतु जमानत धनराशि खाते में न आने की शिकायत की गई है। उपभोक्ता द्वारा उपखण्ड कार्यालय में अपने बैंक का खाता उपलब्ध नहीं कराया गया, जिस*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवर्ल
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

कि आप पर तीस हजार के लगभग बिल बकाया हो चुका है। 06 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाए जाने के बावजूद इतना बिल सुनकर मैं हैरान हो गया फिर मैंने बिल के संबंध में पड़ताल की तो मुझे अपने बिल की हिस्ट्री प्राप्त हुई । महोदय मैंने अपनी बिल हिस्ट्री का अध्ययन किया तो पाया कि जून 2025 तक मेरा बिल माईनस में और अगस्त में सीधे रू0 28306 का बिल दिखा रहा है यह कैसे संभव है, मेरे बिल नियमित नहीं बनने के कारण इसमें भारी गड़बडी प्रतीत होती है। अंदेशा है कि मेरे सोलर जनरेशन (एक्सपोर्ट यूनिट) का भी फायदा नहीं मिल रहा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरे पुराने मीटर की सीलिंग की अंतिम रीडिंग और सोलर मीटर की एमआरआई में दिख रही मेरी जो सही रीडिंग है उसके अनुसार इस पूरे समय का घरेलू टैरिफ स्लैब का लाभ देते हुएसही बिल बनाया जाए जिसमें विभागीय गलती के कारण लगाये गए एलपीएस को भी समाप्त किया जाए। साथ ही विभाग को यह हिदायत दी जाए के मुझे यूपीसीएल डिवीजन के साथ हुए पर्चेस एग्रीमेंट के अनुसार प्रत्येक माह एमआरआई के हिसाब से बिल प्रदान किया जाए ताकि मैं सही बिल का भुगतान कर सकूं।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 782 दिनांकित 04/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि *" आवेदक द्वारा अपने सोलर विद्युत संयोजन सं0 SD75723144084 के सापेक्ष त्रुटिपूर्ण रीडिंग सम्बन्धित बिल सम्बन्धी शिकायत की गई है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपभोक्ता के वास्तविक रीडिंग की जांच कर ली गई है एवं दिनांक 07.12.2025 के उपरांत संशोधित कर बिल निर्गत कर दिया जायेगा। "*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 840 दिनांकित 26/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि *" आवेदक द्वारा अपने सोलर विद्युत संयोजन सं0 SD75723144084 के सापेक्ष त्रुटिपूर्ण रीडिंग*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

सम्बन्धित बिल सम्बन्धी शिकायत की गई है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपभोक्ता के वास्तविक रीडिंग की जांच कर बिल संशोधित कर दिया गया है। "

मंच द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र के क्रम में विपक्षी ने अपनी आख्या के माध्य से मच को अवगत कराया है कि विद्युत संयोजन संख्या SD75723144084 के विद्युत मापक की जॉच करने के उपरान्त पाई गई रीडिंग के अनुसार विद्युत बीजक संशोधित कर दिया गया है जो कि ऋणात्मक (–4628.00रू0) उपभोक्ता के खाते में जमा कर दिया गया है।

उपरोक्त चर्चा उपरान्त मंच इस मत का है कि विपक्षी द्वारा परिवादी की विद्युत बिल संबंधी शिकायत का निवारण बिल संशोधित कर कर दिया गया। उपरोक्त परिस्थितियों में उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

आदेश

विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का प्रतिकर/वाद–व्यय प्राप्त नहीं करेंगे। ***इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर विद्युत ओम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकते हैं।***

पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

27-1-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

27/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

27/01/2
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

...y Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 90 / 2025

श्रीमती गुन्ती देवी पत्नी श्री धर्म सिंह नेगी परिवादी
निवासी–जी–92 ऋषि विहार,
देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम दिनांक: 28.01.2026
श्री रजनीश माथुर तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि माह अगस्त 2025 का जो बिल प्राप्त हुआ है। जिसमें दर्शाई गई बिल की धनराशि 17,000/– के लगभग दिखाई गई थी लेकिन उस बिल में बीच में 13370.25 पैसे अंकित किया गया है। जो कि मीटर रीडिंग में सम्मलित किया गया है जिसके कारण उस माह का बिजली का बिल 17,000 से भी अधिक दर्शाया गया था बार–बार बिजली विभाग गणेशपुर में सम्पर्क करने पर भी कोई समाधान नही निकाला जिस कें परिणाम स्वरूप बिजली बिल भी समय पर भुगतान नहीं हो पाया अतः महोदय से निवेदन हैं। कि इसमें अंकित दर्शाई गई राशि का ब्यौरा बताया जाये ताकि बिजली बिल का समय से भुगतान किया जा सकें।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 5629, दिनांकित 20 / 11 / 2025 से **मंच को अवगत कराया है** *"कि संयोजन संख्या MP12114210271 नाम श्रीमती गुन्ती देवी पत्नी श्री धर्म सिंह नेगी, निवासी– जी–92 ऋषि विहार, देहरादून के संयोजन के सापेक्ष दिनांक 10.10.2025 को चेक मीटर स्थापित किया गया, तथा 30.10.2025 को चेक मीटर फाईनल किया गया। तथा चेक मीटर एवं मेंन मीटर में कोई अन्तर नहीं आया*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

हैं। जिसमें मीटर की एम.आर.आई. की गई तथा एम.आर.आई. की रीडिंग के आधार पर ही उपभोक्ता का विद्युत बिल जनरेट किया गया है। जो कि आपको मूल रूप से अग्रिम एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैं।"

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को प्रत्येक बिल चक्र में मीटर रीडिंग के बिल दिये जाते रहें, जिनका परिवादी नियमित रूप से ससमय भुगतान भी कर रहा है, परन्तु दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 25.05.2025 अर्थात् 34 दिनों के एक विद्युत बिल चक्र में एकाएक 2539 यूनिट अर्थात् 75 यूनिट (2539/34 = 74.67) रू0 19285.00 धनराशि का विद्युत बिल प्रेषित किया गया जिसपर परिवादी को आपत्ति है, क्योंकि उनके अनुसार न तो इतनी अधिक खपत पूर्व में कभी रही है न ही उक्त विवादित बिल चक्र के बाद।

पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री एवं एम0आर0आई0 के मिलान करने पर मंच के संज्ञान मे आया कि दिनांक 22.07.2025 को परिवादी के विद्युत मापक की रीडिंग 15299 KWH थी जबकि दिनांक 01.08.2025 को एम0आर0आई0 रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के विद्युत मापक की रीडिंग 16592.5 KWH थी, जिससे यह स्पष्ट है कि उक्त 9 दिनों के अंतर्गत विद्युत मीटर में कोई तकनीकि खराबी उत्पन्न हुई जिस कारण मात्र 9 दिनों में 1293 यूनिट उपभोग दर्शाया गया है जो कि 143.66 यूनिट प्रतिदिन की खपत होती है। 2 किलोवाट के संयोजन पर बिना प्रमाण के दर्शायी गयी प्रतिदिन 143.66 यूनिट की खपत को मंच स्वीकार नहीं कर सकता है, ऐसी दशा में परिवादी को माह 08/2025 में प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व की तीन बिल चक्रों यथा 07/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत 324 यूनिट (374+355+243)/3 यूनिट पर संशोधित होने योग्य है।

आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को माह 08/2025 में प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व की तीन बिल चक्रों यथा 07/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत 324 यूनिट

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रोड
देहरादून – 248001
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767395
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

(374+355-243)/3 यूनिट पर संशोधित करें, इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। मंच द्वारा विपक्षी को यह भी निर्देशित किया जाता है कि परिवादी के परिसर पर स्थापित विद्युत मापक संख्या 84548893 को अविलंब परिवर्तित कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में पुन इस प्रकार की शिकायत उत्पन्न न हो सके उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

28-1-2026
(श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

28/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

28/01/26
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

परिवाद सं0 91/2025

श्री विनोद कुमार
निवासी–आरकेडिया ग्रान्ट,
बडोवाला, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

दिनांक: 28.01.2026

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित कराये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि प्रार्थी विनोद कुमार आरकेडिया ग्रान्ट बडोवाला में मेरा दो कमरे का सेट है जिसमें की एक पंखा है न उसमें गीजर है न वाशिंग मशीन है न ही फ्रिज है फिर भी बिजली का बिल मेरा 106561 रू एक लाख छः हजार पाँच सौ इक्सठ रूपये आ गया है और हर महीने रू 2000 का बिल आ रहा है।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 5637, दिनांकित 21/11/2025 से मंच को अवगत कराया है *"कि संयोजन संख्या MP12113815754 नामें श्री विनोद कुमार पुत्र श्री राम निवाज, निवासी–गोरखपुर आरकेडिया ग्रन्ट, देहरादून के विद्युत बिल के अधिक आने सम्बन्धी पूर्व में ही M/s Garhwal Smart Metering Pvt.Ltd. को मीटर उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है, जिससे कि मीटर की एम.आर.आई. करा कर समस्या का निराकरण किया जा सके। अतः उक्त उपभोक्ता का पुराना इलैक्ट्रोनिक मीटर उपलब्ध होने के पश्चात मीटर की एम.आर.आई. करके मीटर यूनिट के आधार पर बिल निर्गत कर समस्या का निराकरण कर दिया जायेगा।"*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल ह
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

विपक्षी द्वारा एक अन्य आख्या पत्रांक संख्या 5743, दिनांकित 26.12.2025 से मंच को अवगत कराया है *"कि आपके द्वारा वाद संख्या 91/2025 के सापेक्ष संयोजन संख्या MP12113815754 नामें श्री विनोद कुमार पुत्र श्री राम निवाज, निवासी– गोरखपुर आरकेडिया ग्रन्ट, देहरादून के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांक 5551 दिनांक 27.10.2025 एवं पुनः पत्रांक 5675 दिनांक 04.12.2025 के माध्यम से उपभोक्ता के विद्युत बिल अधिक आने के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था M/s Garhwal Smart Metering Pvt.Ltd. को मीटर उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया था, जिसके सापेक्ष मीटर की एम.आर.आई. करा कर समस्या का निराकरण किया जा सकें। परन्तु कार्यदायी संस्था M/s Garhwal Smart Metering Pvt.Ltd. द्वारा आतिथि तक भी मीटर उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके कारण उक्त समस्या का समाधान करने में विलम्ब हो रहा है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को प्रत्येक बिल चक्र में मीटर रीडिंग के बिल दिये जाते रहें, जिनका परिवादी नियमित रूप से ससमय भुगतान भी कर रहा था। विपक्षी द्वारा परिवादी का मीटर दिनांक 13.08.2025 को नये मीटर से बदल दिया गया। बिलिंग हिस्ट्री से स्पष्ट है कि पुराना मीटर उतारते समय उक्त विवादित मापक की रीडिंग 13536 यूनिट दर्शायी गई है, अर्थात् विपक्षी के अनुसार परिवादी द्वारा 62 दिनों मे (दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 13.08.2025 तक) 13510 (13536–26) यूनिट की विद्युत खपत की है, जो कि 217.90 अर्थात् 218 यूनिट प्रति दिन होती है। परिवादी को उक्त दर्शायी गई खपत पर आपत्ति है क्योंकि उनके अनुसार न तो इतनी अधिक खपत पूर्व में कभी रही है न ही उक्त विवादित बिल चक्र के बाद।

मंच द्वारा दिनाक 04.12.2025 को सुनवाई के दौरान विपक्षी को निर्देशित किया गया था कि विवादित मापक संख्या GU181614 की पूर्ण एम0आर0आई0 रिपोर्ट मंच में प्रस्तुत करें, परन्तु विपक्षी द्वारा परिवादी के उक्त मापक की एम0आर0आई0 रिपोर्ट मंच में प्रस्तुत किये जाने हेतु अस्मर्थता व्यक्त की गई।

परिवादी के स्वीकृत 2 किलोवाट विद्युत भार के घरेलू संयोजन पर बिना प्रमाण के दर्शायी गयी 218 यूनिट प्रतिदिन की खपत मंच स्वीकार नहीं कर सकता है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.con

उपरोक्त के क्रम में मंच का मत है कि परिवादी के परिसर पर स्थापित मीटर आई0डी0एफ0 है।

उक्त रो मंच का मत है कि परिवादी को माह 08/2025 में पुराने मीटर संख्या GU181614 के आधार पर प्रेषित 13510 यूनिट के विद्युत बीजक को निरस्त कर माननीय् ***UTTARAKHAND ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION*** के विनियम ***UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020*** के विनियम ***5.1.7(1)*** के प्रावधानों के अनुसार उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन बिल चक्रों में खपत यथा 06/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत पर संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि में परिवादी को माह 08/2025 में पुराने मीटर सख्या GU181614 के आधार पर प्रेषित 13510 यूनिट के विद्युत बीजक को निरस्त कर माननीय् *UTTARAKHAND ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION* के विनियम ***UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020*** के विनियम ***5.1.7(1)*** के प्रावधानों के अनुसार उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन बिल चक्रों में खपत यथा 06/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत पर संशोधित करे तथा नये मीटर द्वारा दर्शायी गई खपत यथावत् रहेगी। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

28-1-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

28/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

28/01
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवल
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276

कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276

E-Mail – cgrfgz@gmail.com

ई–मेल cgrfgz@gmail.cc

परिवाद सं0 94 / 2025

श्री हरविन्द सिंह सहगल पुत्र स्व० चरणजीत सिंह परिवादी
निवासी–दुकान बी–226, लक्ष्मी चौक,
अपोजिट इनकम टैक्स कॉलोनी,
नेहरू कॉलोनी, देहरादून।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

कोरम दिनांक: 28.01.2026
श्री रजनीश माथुर तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि मेरे पिताजी चरनजीत सिंह के नाम से हमारे दुकान बी–226, नेहरू कॉलोनी में एक बिजली कनेक्शन है। मेरे पिताजी की मृत्यु 13.02.2023 को हो गई थी, उनकी मृत्यु के बाद वारिसान प्रमाण पत्र में मुझे हरविन्दर सिंह सहगल मेरी माता कवलजीत कौर एवं मेरी बहिन अमनदीप कौर तीनों ही उत्तराधिकारी हैं। हमारे अलावा कोई उत्तराधिकारी नहीं है। हमने यह बी–226, 2023 में डॉ० विक्रान्त अहलावत एडवोकेट को किराये पर दी थी जिसमें उनकी पत्नी व्यवसाय करती हैं और तभी से सारा बिजली का बिल वह ही देते आ रहे हैं, उनको यह दुकान हमने 10 वर्ष के लिए किराये पर दी हुई है जिसका सारा बिजली का बिल देने की जिम्मेदारी उन्हीं की है क्योंकि उस बिल्डिंग में वह किरायेदार हैं। मार्च 2025 से यह बिजली की मीटर आई.डी.एफ. दिखाया जा रहा है जबकि आपके ए जनरल कंडीशन आफ सप्लाई का आपका रूलिंग जिसके ए पैरा के 4 नं० मे लिखा है कि अगर दो बिलिंग साइकल तक मीटर नहीं बदला जाता तो आगे का बिल शून्य माना जायेगा। इसको लेकर विक्रान्त*

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248(
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

परिवाद सं0 95 / 2025

श्रीमती वन्दना
निवासी– आम बाग, कुमावनी मोहल्ला
के पास, नीलकंठ एन्क्लेव हरभजवाला
देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांक: 30.01.2026
तकनीकी सदस्य
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन निम्नलिखित बिन्दुवार है–:

1. " बिलिंग विसंगति की पृष्टभूमि

मेरे कनेक्शन का भुगतान भूतपूर्व सुसंगत और नियमित रहा है, पिछले सभी मासिक बिलों का भुगतान तुरंत किया गया है। मेरे सामान्य मासिक बिल की राशि आमतौर पर (अपनी औसत मासिक बिल राशि रू0 300 से 500) के आसपास होती है। हालांकि, जून 2025 के लिए प्राप्त बिल अधिक था, जिसकी राशि रू0 4756/– थी (जुलाई माह में प्राप्त हुआ) यह राशि मेरी उपभोग की प्रवृत्ति और सामान्य ऐतिहासिक

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

बिलिंग से काफी अधिक है। अंतिम सामान्य बिल का भुगतान रू0 358/– भुगतान की तारीख 07.07.2025।

2. *शिकायत और मीटर बदलने का इतिहास*

यह गलत बिल प्राप्त होते ही, 24.07.2025 को आपके विभाग में एक शिकायत दर्ज की गई थी। विवरण है– Complaint Lodged For accuracy Test of meter. Complaint no22407250389 (मैंने ऑनलाइन ऐप के माध्यम से रू0 100/– का भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन वह लेन–देन रद्द हो गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ऐप में पहले पुराना विवादित बिल (रू04756/–) भुगतान करने के लिए प्रदर्शित हो रहा था, जिसमें मैं आंशिक या अन्य भुगतान नहीं कर पाई।), यह गलत बिल प्राप्त होते ही 24.07.2025 को आपके विभाग में एक शिकायत दर्ज की गई थी। विवरण है: Telephonically Online, शिकायत संख्या– 22407250389/42000719220, शिकायत लंबित रहने के दौरान, 19.08.2025 को मेरे द्वारा खाता संख्या 42000719220 के लिए सेवा हेतु रू0 100/– की राशि का भुगतान भी किया गया था (रसीद संख्या: 349961908250606003), इसके अलावा, 19अगस्त 2025 को एक नई शिकायत दर्ज की गई थी।

UPCL का एक प्रतिनिधि मेरे परिसर में आया, और पुरानी मीटर रीडिंग के संबंध में मेरी लंबित शिकायत की जानकारी देने और मेरे आपत्तियों के बावजूद दिनांक 14.09.2025 को पुराने मीटर को एक नए डिजिटल मीटर से बदल दिया गया। प्रतिनिधि ने मुझे आश्वासन दिया था कि " मीटर ऑडिट" के बाद बिल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

आडिट दिनांक 30.09.2025 यह घटनाक्रम बेहद निराशाजनक है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है कि हमारे घर पर आए व्यक्ति ने बताया कि वे आपकी नए मीटर से संबंधित शिकायत में मदद नहीं कर सकते क्योंकि वे केवल पुराने मीटर की जॉच कर सकते है और फिर एक ऐसा नंबर दे दिया जिस पर कोई कॉल नही उठा रहा।

3. *समाधान के प्रयासों का विवरण*

मीटर बदलने के बाद से इस समस्या को हल करने के मेरे प्रयासों में काफी कठिनाई आयी है।

अनसुलझी शिकायतें: पुरानी 24जुलाई 2025 और 19अगस्त 2025 को दर्ज की गई नई शिकायत, दोनो टिकट लंबित है, और अत्याधिक जून–जुलाई बिल पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

असफल कार्य दौरा: मैने आपके गणेशपुर कार्यालय में तीन बार दौरा किया है लेकिन कर्मचारी समाधान प्रदान करने में असमर्थ रहे है।

चौथा दौरा दिनांक 21,22,23, अक्टूबर 2025 को मुझे बिलिंग विभाग के व्यक्ति से बात करने के लिए कहा गया, लेकिन बताया गया कि संबंधित व्यक्ति अनुपलब्ध है और अगले दिन आने को कहा गया।

पांचवा दौरा: 24,25, अक्टूबर 2025 को मुझे बताया गया कि यह मामला अब मीटर बदलने वाले विभाग के अंतर्गत आता है और उन्होंने मुझे एक नई शिकायत दर्ज करने के लिए कहा, जिसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है।

छठा दौरा दिनांक 17 नवंबर 2025 : यह अत्यंत निराशाजनक है, विशेष रूप से यह देखते हुए कि आज 17 नवंबर, 2025 को थी। विभिन्न लोगों के बीच तीन घंटे बिताने के बाद केवल श्री अग्रवाल जी (SDO)

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

को यह कहना पडा कि "उनसे कोई समाधान नही हो सकता है," और संपर्क नंबर (09411112543) प्रदान किया जोकी काम नहीं कर रहा है, जो उनकी ग्राहक सेवा प्रक्रिया में गंभीर विफलताओं को दर्शाता है।

प्रतिनिधि ने मुझे आश्वासन दिया था कि "मीटर ऑडिट" के बाद बिल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

ऑडिट दिनांक 30.09.2025 यह घटनाक्रम बेहद निराशाजनक है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है कि हमारे घर पर आए व्यक्ति ने बताया कि वे आपकी नए मीटर से संबंधित शिकायत में मदद नही कर सकते, क्योंकि वे केवल पुराने मीटर की जांच कर सकते है और फिर एक ऐसा नंबर दे दिया जिस पर कोई कॉल नही उठा रहा।

4. *कार्यवाही हेतु अनुरोध*

समाधान की लगातार और निराशाजनक कमी को देखते हुए मैं निम्नलिखित कार्यवाही का अनुरोध करती हूँ:–

संग्रहण पर रोक: मामले का समाधान होने तक विवादित राशि रू0 4756/– के संग्रह पर तत्काल रोक लगाई जाए।

त्वरित ऑडिट: जून 2025 के बिल में वृद्धि के कारण का पता लगाने के लिए पुराने मीटर (जिसे शिकायत लंबित रहने के दौरान बदला गया था।) के उपभोग डेटा का त्वरित और गहन ऑडिट किया जाए।

बिल में सुधार: वास्तविक औसत उपभोग और ऐतिहासिक डेटा के आधार पर जून 2025 के बिल में सुधार किया जाए और संशोधित शुल्कों की स्पष्ट व्याख्या दी जाए।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248(
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767:
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

शिकायत का समापन: शिकायत संख्या: 22407250389/42000719220 का अंतिम समाधान और समापन किया जाए।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 5679 दिनांकित 05/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *आपके द्वारा प्रस्तुत वाद संख्या 95/2025 के सापेक्ष संयोजन संख्या MP21428691621 नामें श्रीमती वन्दना पत्नी श्री नवीन, निवासी– आम बाग, कुमाऊनी मौहल्ला, नीलकंठ एंक्लेव, हरभजवाला, देहरादून को उनके द्वारा उपभोग की गई वास्तविक खपत के अनुसार ही विद्युत बीजक निर्गत किये गयें है, तथा उपभोक्ता के विद्युत बिल में किसी भी प्रकार का संशोधन अवशेष नहीं हैं।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 5744 दिनांकित 26/12/2025 से मंच को यह भी अवगत कराया गया है कि " *इस कार्यालय के पत्रांक 5695 दिनांक 09.12.2025 के माध्यम से उपभोक्ता के विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में कार्यदायी संस्था M/s Garhwal Smart Metering PVt. Ltd. को मीटर उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया था, जिसके सापेक्ष मीटर की एम.आर.आई. करा कर समस्या का निराकरण किया जा सकें परन्तु कार्यदायी संस्था M/s Garhwal Smart Metering PVt. Ltd. द्वारा आतिथि तक भी मीटर उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। जिसके कारण उक्त समस्या का समाधान करने में विलम्ब हो रहा हैं।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को प्रत्येक बिल चक्र में मीटर रीडिंग के बिल दिये जाते रहें, जिनका परिवादी नियमित रूप से ससमय भुगतान भी कर रहा है। विपक्षी द्वारा परिवादी का मीटर

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

दिनांक 14.09.2025 को नये मीटर से बदल दिया गया। बिलिंग हिस्ट्री से स्पष्ट है कि पुराना मीटर उतारते समय उक्त विवादित मापक की रीडिंग 6409 यूनिट दर्शायी गई है, अर्थात् विपक्षी के अनुसार परिवादी द्वारा 85 दिनों मे [दिनांक 22.06.2025 से दिनांक 14.09.2025 (मीटर बदले जाने की तिथि) तक] 922 (6409–5487) यूनिट की विद्युत खपत की है, जो कि 10.84 अर्थात् 11 यूनिट प्रति दिन होती है। परिवादी के उक्त दर्शायी गई खपत पर आपत्ति है क्योंकि उनके अनुसार न तो इतनी अधिक खपत पूर्व में कभी रही है न ही उक्त विवादित बिल चक्र के बाद।

मंच द्वारा दिनांक 08.12.2025 को सुनवाई के दौरान विपक्षी को निर्देशित किया गया था कि विवादित मापक संख्या 84530777 की पूर्ण एम0आर0आई0 रिपोर्ट मंच में प्रस्तुत करें, परन्तु विपक्षी द्वारा परिवादी के उक्त मापक की एम0आर0आई0 रिपोर्ट मंच में प्रस्तुत किये जाने हेतु अस्मर्थता व्यक्त की गई।

परिवादी के स्वीकृत 2 किलोवाट विद्युत भार के घरेलू संयोजन पर बिना प्रमाण के दर्शायी गयी 11 यूनिट प्रतिदिन की खपत मंच स्वीकार नहीं कर सकता है।

माननीय ***UTTARAKHAND ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION*** के विनियम ***UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020*** के विनियम ***5.2.1(2)*** के प्रावधानों के अनुसार विपक्षी वास्तविक मीटर रीडिंग पर ही आधारित प्रत्येक बिलिंग चक्र के लिये बिल जारी करेगा।

बिलिंग हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विवादित बिल के पूर्व में विपक्षी द्वारा परिवादी को मीटर्ड यूनिट के आधार पर ही विद्युत बिल निर्गत किये गये है। उपरोक्त विनियम के आलोक में मंच का मत है कि वह सभी वास्तविक खपत के बिल है जो पूर्णतः सही है।

उपरोक्त के क्रम में मंच का मत है कि परिवादी को माह 07/2025 एवं 09/2025 में पुराने मीटर की रीडिंग अनुसार प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन बिल चक्रों यथा 06/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत 111 यूनिट (46+203+83)/3 प्रति बिल चक्र के अनुसार पुराने मीटर की खपत संशोधित किया जाना तथा नये स्मार्ट मीटर द्वारा दर्शायी गई खपत को यथावत् रखा जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है परिवादी को माह 07/2025 एवं 09/2025 में पुराने मीटर की रीडिंग अनुसार प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व के तीन बिल चक्रों यथा 06/2025, 05/2025 एवं 04/2025 की औसत खपत 111 यूनिट (46+203+83)/3 प्रति बिल चक्र के अनुसार पुराने मीटर की खपत संशोधित किया जाना तथा नये स्मार्ट मीटर द्वारा दर्शायी गई खपत को यथावत् रखा जाये। विपक्षी को यह भी आदेशित किया जाता है कि परिवादी द्वारा चैक मीटर के सापेक्ष जमा की गई राशि परिवादी के आगामी विद्युत बिल में समायोजित करे। इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

30-1-2026
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

30/01/26
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

30/0
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Cabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 96/2025

श्री नमित कुमार सहाय,
निवासी– 51/61 मोती बाजार,
देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (केन्द्रीय)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य

दिनांक: 23.01.2026

निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद वाणिज्यिक विद्युत संयोजन निर्गत न किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि " *मैं 51/61 मोती बाजार, देहरादून का निवासी हूँ यहाँ मेरा घर व कुछ दुकान हैं। मेरी दुकान काफी पुरानी बनी हुई है मगर लगभग 20 वर्षो से उसमें कोई काम नही हुआ है। नगर निगम के रिकार्ड में सम्पत्ति में मेरे स्व0 पिता श्री रिपूदमन सहाय का नाम अंकित है व उनके स्वर्गवास के बाद 03.05. 2021 को हमने सम्पत्ति में अपना नाम नही चढ़ा पाये क्योंकि हमारी एक विधवा भाभी बरेली में रहती है। कृपया हमको सम्पत्ति में एक commerical connection देने का कष्ट करे, इसमें मेरा घरेलू कनेक्शन मेरे ही नाम चल रहा है अगर कोई कानूनी पक्ष आया तो मैं Affidavit देने को तैयार हूँ।*"

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248(
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 486 दिनांकित 06/12/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि" *उपभोक्ता को अघरेलू विद्युत संयोजन लेना है, जिसमें उपखण्ड लिपिक की आख्या अनुसार उपभोक्ता को उपखण्ड लिपिक द्वारा अवगत कराया गया था की अघरेलू विद्युत संयोजन लेने जो दस्तावेज विभागीय नियमानुसार उपलब्ध कराने होते है, उसमें उपभोक्ता द्वारा ownership के दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये है, जिसके उपरांत नया अघरेलू विद्युत संयोजन निर्गत किया जाना सम्भव नहीं है।*"

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि उनके द्वारा विपक्षी के कार्यालय में विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया गया था, परन्तु विपक्षी द्वारा स्वामित्व संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत न किये जाने के फलस्वरूप परिवादी को अघरेलू संयोजन निर्गत नहीं किया गया।

परिवादी द्वारा नगर आयुक्त देहरादून का पत्रांक संख्या 75/सा0नि0वि0/ख0भ0/19 दिनांक 05.07.2019 प्रस्तुत किया गया जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि संबंधित परिसर पर परिवादी काब्जि है।

यहा पर माननीय् उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम **3.3.2(4)(a)(i)** के द्वितीय परन्तुक का उल्लेख समीचीन होगा "Provided further that where the applicant is unable to submit the documents mentioned at a) to e) above and objection has been raised on the **premises** by District Magistrate/Government Authorities/ Government under whose jurisdiction **premises** falls, the Licensee shall not grant new conncetion to such Applicant."

[Emphasis Added]

विपक्षी द्वारा माननीय् आयोग के उपरोक्त विनियम के आलोक में संबंधित परिसर को लेकर सरकारी प्राधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति मंच के सम्मुख प्रस्तुत नहीं की गई है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 43(1) के अन्तर्गत परिवादी को विद्युत संयोजन निर्गत करें। बिजली पाना परिवादी का मौलिक अधिकार है। विपक्षी

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun-248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office ; 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail - cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
(गढ़वाल क्षेत्र)
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रो
देहरादून – 24800
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761956
